Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to rename Karjat and Neral Railway Stations in Central Railway after Shaheed Bhai Kotwal and Shaheed Hiraji Patil who laid down their lives during Indian Freedom Struggle. *

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) ः उपरोक्त विऐाय के अनुसार मेरा निवेदन है कि मध्य रेल के कार्यक्षेत्र में आने वाले कर्जत और नेरल यह दो स्थानक है, जहां शहीद भाई कोतवाल और शहीद हिराजी पाटील, इन्होंने 1942 में आजाद शाफ्ट स्थापन पर ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र आंदोलन पुकारा था, ब्रिटिशों से लड़ते समय उन्हें मुरबाड के सिद्धगड के पवित्र भूमि पर वीरगति प्राप्त हुई, ये दोनों स्वतंत्र सेनानियों ने अपनी लड़ाई की शुरूआत इन्हीं दो क्षेत्रों से की थी, जिस कारण यहां के स्थानिक विविध संस्था और लोक प्रतिनिधियों द्वारा कर्जत स्थानक को शहीद भाई कोतवाल और नेरल स्थानक को शहीद हिराजी पाटील इनके नाम देने की मांग कर रहे हैं, ताकि हमारे देशवासियों को उनका त्याग और बलिदान सदा स्मरण रहें और उससे देश प्रेम तथा देश की सेवा की प्रेरणा जन-जन को मिले।

अतः मेरा नम्र निवेदन है कि मध्य रेल के ये दोनों स्थानों को शहीदों के नाम दे कर कृपा कर, उनके बलिदान का गौरव करे।